भारत सरकार

अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या : 1977

उत्तर देने की तारीख : 14.12.2023

वक्फ बोर्ड

1977. श्री हाजी फजलुर रहमान:

क्या **अल्पसंख्यक कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने देश में वक्फ बोर्ड को आधुनिक और सशक्त बनाने के लिए कोई योजना बनाई है, योजना बनाने का प्रस्ताव है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) सरकार द्वारा इस संबंध में कितनी धनराशि व्यय किए जाने की संभावना है?

<u>उत्तर</u>

अल्पसंख्यक कार्य मंत्री

(श्रीमती स्मृति ज़ूबिन इरानी)

(क) और (ख) जी, हां, मंत्रालय द्वारा कौमी वक्फ बोर्ड तरक्कियाती योजना (QWBTS) को कार्यान्वित किया जाता है जिसके तहत, राज्य वक्फ बोर्डों को, वक्फ रिकॉर्ड के कंप्यूटरीकरण तथा डिजिटाइजेशन के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। योजना के तहत मंत्रालय द्वारा राज्य वक्फ बोर्डों (SWB) के बेहतर प्रशासन एवं आधुनिकीकरण के लिए सहायक प्रोग्रामर, सर्वेक्षण सहायक, लेखाकार एवं विधि सहायक जैसे कार्यबल की तैनाती, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग सुविधा की स्थापना, केंद्रीकृत कंप्यूटिंग सुविधा (CCF) और उद्यम संसाधन योजना (ERP) समाधान हेतु राज्य वक्फ बोर्डों को सहायता भी प्रदान की जाती है।

(ग) 15वें वित्त आयोग की अवधि के दौरान, कौमी वक्फ बोर्ड तरक्कियाती योजना (QWBTS) के तहत वर्ष 2021-22 से 2025-26 तक के लिए 70 करोड़ रूपए की धनराशि का प्रावधान है। योजना के तहत प्रस्ताव प्राप्त होने पर योजना के निर्धारित मॉड्यूल के अनुसार वक्फ बोर्डों को धनराशि प्रदान की जाती है। पूर्व में जारी धनराशि का उपयोगिता प्रमाण-पत्र प्राप्त होने पर ही आगे की राशि जारी की जाती है।

*****